वर्ष- 3 , अंक- 55
छपरा
15 जनवरी गुरूवार 2026
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## सबरीमाला में सोने के बाद अब घी घोटाला?

### केरल हाईकोर्ट ने जांच का आदेश दिया



**तिरुवनंतपुरम,एजेंसी।** सबरीमाला मंदिर में सोने के चोरी मामले के बाद अब घी घोटाले का मामला सामने आया है। केरल हाईकोर्ट ने मंगलवार को नैय्याभिषेकम के बाद बचे आदिया सिष्टम घी की बिक्री से 35 लाख रुपये की कथित गड़बड़ी की जांच के लिए विजिलेंस टीम गठित करने का आदेश दिया। हाईकोर्ट की बेंच न्यायमूर्ति वी राजा विजयाराघवन और के.वी. जयकुमार ने यह आदेश तब दिया जब सबरीमाला विशेष आयुक्त ने रिपोर्ट सौंपकर घी की बिक्री से जुड़े धन का विस्तृत विजिलेंस जांच की मांग की थी।

**35 लाख रुपये की कथित गड़बड़ी** :कोर्ट ने कहा कि नवम्बर 17, 2025 से दिसंबर 26, 2026 और दिसंबर 27, 2025 से जनवरी 2, 2026 तक कथित गड़बड़ी लगभग 35 लाख रुपये की अनुमानित है। कोर्ट ने विजिलेंस डायरेक्टर को सक्षम अधिकारियों की टीम बनाने और अ्षक्के मुख्य विजिलेंस एवं सुरक्षा अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर अपराध दर्ज करने के निर्देश दिए। विजिलेंस टीम को एक महीने के भीतर प्रगति रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है। हाईकोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि अंतिम रिपोर्ट दाखिल करने से पहले बेंच की अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

## जम्मू-कश्मीर के कठुआ में सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान तेज किया

**जम्मू,एजेंसी।** सुरक्षाबलों ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के दूरदराज के गांवों में आतंकवादियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान तेज कर दिया है। एक आतंकवादी की मौजूदगी की सूचना के आधार पर मंगलवार को जब सुरक्षाबलों ने बिलावर तहसील के नाजोट वन क्षेत्र में अभियान शुरू किया तो कई गोलियों की आवाजें सुनी गईं। आतंकी और सुरक्षाबलों के बीच कोई संपर्क नहीं हुआ। अधिकारियों के मुताबिक ताजा जानकारी से पता चलता है कि आतंकी दुर्गम इलाके और अंधेरे का फायदा उठाकर घेराबंदी से भागने में कामयाब रहे। उन्होंने बताया कि जंगल में अंदर जाने से पहले आतंकियों ने करीब आधी रात को आसपास के इलाके में एक चरवाहे से खाना लिया।

## भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीयमंत्री रविशंकर प्रसाद के सरकारी आवास में आग लगी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता, सांसद और पूर्व केंद्रीयमंत्री रविशंकर प्रसाद के सरकारी आवास (मदर टेरेसा क्रिसेंट रोड स्थित आवास संख्या 21) पर बुधवार सुबह 8 :05 बजे अचानक आग लग गई। दमकल विभाग ने इसकी पुष्टि की। दमकल विभाग के अनुसार, शुरुआती कॉल में आग लगने की जगह कोठी नंबर-2 बताई गई। त्वरित जांच के बाद स्पष्ट हुआ कि आग रविशंकर प्रसाद के आवास पर लगी है। दमकल विभाग की तीन गाड़ियां भेजी गईं। साथ ही दिल्ली पुलिस और स्थानीय प्रशासन भी तुरंत सतर्क हो गया। दमकल विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, आग घर के एक कमरे में रखे बिस्तर में लगी।



## हाथ से सिलकर बना जहाज कौंडिन्य भारत से ओमान पहुंचा

### 2000 साल पुरानी तकनीक से बना है; 18 दिन शिप पर रही टीम

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत में हाथ से सिलकर तैयार हुए पारंपरिक जहाज INSV 'कौंडिन्य' ने 18 दिन की समुद्री यात्रा के बाद ओमान के मस्कट पहुंचकर अपना ऐतिहासिक सफर पूरा कर लिया। बुधवार को जहाज के मस्कट तट के पास पहुंचने की पुष्टि हुई। जहाज पर कमांडर विकास श्योराण के नेतृत्व में 16 सदस्यीय दल सवार थे। कौंडिन्य 29 दिसंबर, 2025 को गुजरात के पोरबंदर से अपनी पहली विदेशी यात्रा के लिए रवाना हुआ था। यात्रा लगभग 15 दिनों में पूरी होने वाली थी। हालांकि, इसमें 18



दिन लगे। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने स्किपर कमांडर विकास श्योराण और अभियान प्रमुख हेमंत कुमार के साथ एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा- इस पल का आनंद ले रहे हैं हमने कर दिखाया।

**क्रू मेंबर बोले- गुड मॉर्निंग इंडिया, मस्कट दिख गया** :जहाज के एक अन्य क्रू सदस्य हेमंत ने पोस्ट किया- लैंड अहॉय! मस्कट दिख गया। गुड मॉर्निंग इंडिया, गुड मॉर्निंग ओमान। समुद्री मार्ग से बिना रुके अकेले विश्व का चक्कर लगाने वाले पहले भारतीय, रिटायर्ड नौसेना कमांडर अभिलाष टॉमी ने भी कौंडिन्य की टीम को बधाई दी।

## सिद्धारमैया बोले- कर्नाटक सीएम पद पर हर दिन भ्रम,राहुल गांधी स्थिति साफ करें

### डिप्टी सीएम शिवकुमार ने लिखा- प्रार्थना नाकाम नहीं होती



**बेंगलुरु,एजेंसी।** कर्नाटक में एक बार फिर मुख्यमंत्री पद को लेकर विवाद उठा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राहुल गांधी के साथ मीटिंग के दौरान सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार की मौजूदगी में लीडरशिप का मुद्दा उठा।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा है कि वह कैबिनेट विस्तार करना चाहते हैं, लेकिन कर्नाटक सीएम के पद को लेकर हर दिन भ्रम की स्थिति बन रही है। ऐसे में राहुल गांधी को सीएम पद की स्थिति को साफ करना चाहिए।

इसी बीच बुधवार को कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने X पोस्ट में लिखा, 'भले ही कोशिश नाकाम हो जाए, लेकिन प्रार्थना नाकाम नहीं होती।' ऐसे में उनकी पोस्ट को राजनीतिक नजरिए से देखा जा रहा है।

दरअसल, कांग्रेस लीडर राहुल गांधी 13 जनवरी को मैसुरु पहुंचे थे। इसके बाद वे मैसुरु भी गए थे। इस दौरान एयरपोर्ट पर डीके शिवकुमार ने राहुल गांधी से अकेले में चर्चा की थी।

### विवाद की वजह : 2.5 साल पूरे होने पर बढ़ी खींचतान

कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद को लेकर सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। शिवकुमार के समर्थक विधायकों का कहना है कि 2023 में जब कांग्रेस की सरकार बनी थी, तब मुख्यमंत्री पद के लिए 2.5-2.5 साल की डील हुई थी, लेकिन सिद्धारमैया समर्थक इसे नकारते आए हैं। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार का 20 नवंबर 2025 को 2.5 साल का कार्यकाल पूरा हुआ। तब से ही सत्ता संतुलन को लेकर बयानबाजी जारी है। कुछ विधायक जो डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के समर्थक माने जाते हैं, वे दिल्ली जाकर खड़गे से भी मिले थे। सिद्धारमैया कैबिनेट फेरबदल के पक्ष में हैं। जबकि शिवकुमार चाहते हैं कि पार्टी पहले नेतृत्व परिवर्तन पर फैसला करे।



### पीएम मोदी ने केंद्रीय राज्यमंत्री के घर पोंगल मनाया:

## बोले- तमिल संस्कृति साझी विरासत, पोंगल प्रकृति-परिवार के साथ संतुलन बनाता है



**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार सुबह केंद्रीय राज्यमंत्री एल मुरुगन के आवास पर आयोजित पोंगल समारोह में शामिल हुए। पीएम ने पूजा की। उन्होंने गाय को भी भोजन खिलाया। पीएम ने कहा कि तमिल संस्कृति दुनिया की सबसे प्राचीन जीवित सभ्यताओं में से एक है। तमिल संस्कृति सदियों को जोड़ती है। आज पोंगल एक ग्लोबल त्योहार बन गया है। पीएम मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया में तमिल समुदाय और जो लोग तमिल संस्कृति को पसंद करते हैं। पोंगल को बहुत उत्साह से मनाते हैं और मुझे उनमें से एक होने पर गर्व है।

मोदी ने कहा कि पोंगल का त्योहार हमें प्रकृति, परिवार और समाज के बीच एक अच्छा संतुलन बनाए रखने का महत्व सिखाता है। जमीन और सूरज के प्रति हमारी कृतज्ञता दिखाता है।

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया की लगभग सभी सभ्यताओं में फसलों से जुड़ा कोई न कोई पर्व मनाया जाता है। तमिल संस्कृति में किसान को जीवन का आधार माना गया है। तिरुक्कुरल में कृषि और किसानों पर विस्तार से लिखा गया है। हमारे किसान राष्ट्र निर्माण के मजबूत साथी हैं।

### तमिल संस्कृति की समृद्ध परंपरा पर भी दिया जोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिल संस्कृति की समृद्ध परंपरा पर जोर देते हुए कहा कि यह केवल तमिलनाडु तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे भारत की साझा धरोहर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पोंगल जैसे त्योहार एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत करते हैं।

### पोंगल वैश्विक त्योहार बन गया

प्रधानमंत्री ने कहा आज पोंगल एक वैश्विक त्योहार बन गया है। पिछले साल मुझे तमिल संस्कृति से जुड़े कई कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिला। यह संस्कृति केवल भारत की नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की साझा धरोहर है। पीएम मोदी ने कहा कि तमिल संस्कृति में किसान को जीवन की आधारशिला माना गया है। उन्होंने तिरुक्कुरल का हवाला देते हुए कहा कि इसमें कृषि और किसानों के महत्व पर विस्तार से लिखा गया है।

### पोंगल क्या होता है?

पोंगल तमिल समुदाय का प्रमुख फसल उत्सव है। यह पर्व सूर्य देव, प्रकृति, पशु और किसानों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए मनाया जाता है। यह हर साल 14-17 जनवरी के बीच मकर संक्रांति के आसपास मनाया जाता है। इसे मुख्य दिनों में भोगी पोंगल, सूर्य पोंगल, मट्टू पोंगल और कानूम पोंगल होते हैं। पोंगल के दौरान मुख्य रूप से नए चावल से पारंपरिक व्यंजन पकाए जाते हैं। इनमें सक्कराई पोंगल (मीठा) और वें पोंगल (नमकीन) शामिल होते हैं। इनके साथ नारियल चटनी, सांभर, वड़ा, पायसम, केला और मौसमी फल परोसे जाते हैं। मीठी और नमकीन को परंपरा के मुताबिक खुली जगह में मिट्टी के बर्तन में पकाया जाता है। दूध-चावल के उफनने को समृद्धि का शुभ संकेत माना जाता है।

## नितिन नबीन के अध्यक्ष बनने की प्रक्रिया 21 जनवरी तक होगी पूरी! मकरसंक्रांति पर दी शुभकामनाएं




**नई दिल्ली,एजेंसी।** बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष बनने की औपचारिकता 20-21 जनवरी तक पूरी की जा सकती है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर स्थित भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय पर पार्टी के शीर्ष नेताओं की उपस्थिति में यह प्रक्रिया पूरी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह उनके अध्यक्ष बनने के प्रस्तावक हो सकते हैं। अध्यक्ष पद हेतु केवल नितिन नबीन ही नामांकन कर सकते हैं। इस अवसर पर पार्टी के सभी मुख्यमंत्री, प्रदेशों के अध्यक्ष और अन्य उच्च पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। बुधवार को मकरसंक्रांति के दिन नितिन नबीन ने पार्टी की दिल्ली प्रदेश इकाई के पूर्वांचल मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। नितिन नबीन ने पार्टी कार्यकर्ताओं को मकरसंक्रांति की शुभकामना देते हुए कहा कि उन सबको मिलकर अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के हित के लिए कार्य करना है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है जिसे पूरा करने के लिए सबको एकजुट होकर कार्य करना है। दिल्ली भाजपा के पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष संतोष ओझा ने कहा कि मकरसंक्रांति पूर्वांचल का बहुत लोकप्रिय त्योहार है। यह पूरे विश्व के कल्याण के लिए भगवान सूर्य से प्रार्थना के लिए मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल के सभी भाजपा कार्यकर्ता दिल्ली को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। दिल्ली सरकार का भी इसमें सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के माध्यम से हर बस्ती में कल्याण कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया जाएगा।

## हम पूर्व सैनिकों के सम्मान में सिर झुकाते हैं, सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक दिवस पर बोले रक्षा मंत्री

**नई दिल्ली,एजेंसी।** आज देश 10वां सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस मना रहा है। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया और जिन सैनिकों ने युद्ध के मैदान में अपने प्राण गंवाएं, उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान रक्षा मंत्री ने कहा कि देश अपने पूर्व सैनिकों के सम्मान में सिर झुकाता है। राजधानी दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिकों को देश का गर्व बताया और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।

उन्होंने कहा कि इस अवसर



पर हम भारत समेत विश्व भर में रहने वाले अपने पूर्व सैनिकों को आदरपूर्वक नमन करते हैं। हम शहादत प्राप्त उन सभी सैनिकों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिन्होंने राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया। आज मुझे इस विशाल परिवार के साथ में मकर संक्रांति मनाने का अवसर मिला है।


### रक्षामंत्री के रूप में देश की सेवा करने का मौका मिला

राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा, आपके लिए यह सिर्फ एक पेशा नहीं है; बल्कि एक प्रतिज्ञा है जिसमें आप सभी ने राष्ट्र को अपने से ऊपर रखा है। मैं इसे शब्दों में बयां नहीं कर सकता हूं क्योंकि किसी भी समाज के लिए इससे बड़ा बलिदान कुछ और नहीं होगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षा मंत्री के रूप में उन्हें देश सेवा करने का मौका मिला और यह मेरी सबसे संतोषजनक भूमिका रही है। उन्होंने सभी सैनिकों के समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में सेवानिवृत्ति के बाद भी अपना योगदान देते रहते हैं। इसलिए रक्षा मंत्री के रूप में आपके साथ काम करना मेरे जीवन के सबसे सुखद पलों में से एक है। रक्षा मंत्री ने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री एवं गृह मंत्री के रूप में भी कार्य किया है। लेकिन मुझे सबसे अधिक संतोष रक्षा मंत्री के रूप में सेवा करने से ही मिला है। इसमें सैनिकों के जीवन में आने वाली तमाम चुनौतियों का समाधान करने का सौभाग्य मिला है। राजनाथ सिंह ने कहा कि सैनिकों को हर परिस्थिति में हमेशा डट कर खड़े रहना सिखाया जाता है।

## आर्मी चीफ बोले- शक्सगाम घाटी पर पाकिस्तान-चीन समझौता अवैध

● **भारत इसे नहीं मानता; शक्सगाम 5180 वर्ग किमी का क्षेत्र, CPEC कॉरिडोर यहीं से गुजरा**

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि भारत शक्सगाम घाटी पर पाकिस्तान और चीन के बीच 1963 के समझौते को अवैध मानता है। जनरल द्विवेदी की यह टिप्पणी शक्सगाम घाटी में चीन के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स



की आलोचना करने के चार दिन बाद आई है। हम घाटी में किसी भी गतिविधि को मंजूरी नहीं देते हैं। विदेश मंत्रालय पहले ही यह साफ कर चुका है। इसलिए, चीन में जारी किए गए संयुक्त बयान के बारे में, CPEC 2.0 के बारे में मैं जो समझता हूं, हम उसे स्वीकार नहीं करते हैं। हम इसे दोनों देशों द्वारा की जा रही एक अवैध कार्रवाई मानते हैं। इसके पहले, लद्दाख स्न कवींद्र गुप्ता ने भी चीन द्वारा शक्सगाम घाटी पर किए गए दावे को सख्ती से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला पूरा कश्मीर (पीओके) भारत का हिस्सा है।

गुप्ता ने कहा, 'हमें नहीं पता पाकिस्तान ने चीन से क्या सौदा किया है। चीन को समझना चाहिए कि उसकी विस्तारवादी नीति से कुछ हासिल नहीं होगा। भारत अब 1962 वाला नहीं, यह 2026 का भारत है। ऐसी किसी भी कोशिश को नाकाम किया जाएगा। विदेश मंत्रालय इस पर नजर रखे हुए है।'



## तेलंगाना के गांवों में हफ्तेभर में 500 कुत्तों की हत्या

### 6 लोगों के खिलाफ एफआईआर; पंचायत चुनावों में आवारा कुत्तों से छुटकारे का वादा किया था

**हैदराबाद,एजेंसी।** तेलंगाना के गांवों में ग्राम पंचायत चुनाव के बाद बड़े पैमाने पर आवारा कुत्तों को मारने के मामले सामने आए हैं। बीते एक हफ्ते में अलग-अलग जिलों के गांवों में करीब 500 कुत्तों की कथित तौर पर हत्या की गई है। पुलिस के मुताबिक, इन घटनाओं में पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका सामने आ रही है। ताजा मामला कामारेड्डी जिले का है। यहां पालवंचा मंडल के 5 गावों- भवानीपेट, पालवंचा, फरीदपेट, वाड़ी और बंदारामेश्वरपल्ली गांवों में बीते दो-तीन दिनों में करीब 200 आवारा कुत्तों को मारने का आरोप है। पुलिस ने पांच सरपंचों सहित छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इससे पहले, हनमकोंडा जिले के श्यामपेट और अरेपल्ली गांवों में 6 जनवरी से 9 जनवरी के बीच लगभग 300 आवारा कुत्तों की हत्या का मामला सामने आया था। पुलिस ने इस संबंध में दो महिला सरपंचों और उनके पतियों सहित नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

**चुनाव में कुत्तों-बंदरों से छुटकारा दिलाने का वादा किया था** :गांवों से जुड़े सूत्रों ने बताया कि पिछले साल दिसंबर में ग्राम पंचायत चुनाव हुए थे। इस दौरान कुछ उम्मीदवारों ने आवारा कुत्तों और बंदरों की समस्या से निपटने का वादा किया था। आरोप है कि चुनाव जीतने के बाद वही वादे कुत्तों को मारकर पूरे किए जा रहे हैं। एनिमल वेलफेयर एक्टिविस्ट अदुलापुरम गौथम ने मछारेड्डी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि भवानीपेट गांव में उन्हें कुत्तों के शव पड़े मिले और बाद में पता चला कि आसपास के अन्य गांवों में भी इसी तरह की घटनाएं हुई हैं।

**सरपंचों ने कुत्तों को जहर देने के लिए व्यक्ति को नियुक्त किया था** : पुलिस के अनुसार, सरपंचों पर आरोप है कि उन्होंने कुत्तों को मारने के लिए जहरीले इंजेक्शन का इस्तेमाल किया। सरपंचों ने किसी व्यक्ति को जहरीले इंजेक्शन लगाने के लिए नियुक्त किया था। कुत्तों की हत्या के बाद उनके शव गांवों के बाहर दफनाए गए थे। सूचना मिलने पर पशु चिकित्सा टीमों ने शव बाहर निकलवाकर पोस्टमॉर्टम किया। विसरा के सैंपल फॉरेंसिक साइंस लैब भेजे गए हैं, ताकि मौत की सही वजह और इस्तेमाल किए गए जहर के प्रकार का पता चल सके।

### सुप्रीम कोर्ट बोला- हर डॉग बाइट, मौत पर भारी जुर्माना ठोकेंगे

इसी बीच, सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों से जुड़े मामलों पर चिंता जताते हुए कहा कि वह डॉग-बाइट की घटनाओं में राज्यों से भारी मुआवजा दिलाने और कुत्तों को खाना खिलाने वालों की जिम्मेदारी तय करने पर विचार कर सकता है। कोर्ट ने बीते पांच सालों में आवारा जानवरों से जुड़े नियमों के सही तरीके से लागू न होने पर भी नाराजगी जताई।

# परसौना परसादी में विराट दंगल कुश्ती प्रतियोगिता में पहलवानों ने दिखाया दमखम

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर परसा प्रखंड अंतर्गत परसादी कारखाना परिसर में विराट महादंगल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमे पुरुष व महिला कुस्ती को देखने के लिये हजारो हजार की संख्या में लोग उपस्थित हुए।उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह मढ़ौरा विधायक जितेंद्र राय,जिला पार्षद अध्यक्ष प्रतिनिधि अमर राय, जिला पार्षद सुमन राय,परसा विधायक करिश्मा राय,एसडीएम नितेश कुमार, बीडीओ राकेश कुमार, सीओ अनुज कुमार,मुखिया संघ प्रदेश अध्यक्ष मिथलेश राय, मुखिया संघ अध्यक्ष राम अयोध्या राय,अवधेश राय,राजद प्रखंड पूर्व अध्यक्ष कमलेश राय,मुखिया प्रतिनिधि कृष्णा साह,अमित साह व समाजसेवी



नन्दन यादव ने संयुक्त रूप से खिलाड़ी पहलवानों से परिचय करने व दिप प्रज्ज्वलित करने के उपरांत फीता काट कर किया।मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह मढ़ौरा विधायक जितेंद्र राय ने कहा कि खेल में जीत हार तो होती ही है,एक जीतता है तो एक हारता है पर हारने वाले को निराश न होकर आगे जीत के बारे में सोचना चाहिए।साथ ही उन्होंने कहा कि अब किसी भी स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ी जो मेडल लाते हैं।उनको अब डायरेक्ट चयनित कर नौकरी दी जाएगी।उन्हें किसी प्रकार की परीक्षा नहीं देनी है।केवल वह अपने खेल पर ध्यान दें और राज्य और देश के लिए मेडल जीतें।उनकी नौकरी बिहार सरकार में फिक्स है।वैसे खिलाड़ी जो खेल के प्रति समर्पित हैं और खेलना चाहते हैं। इसके लिए बिहार सरकार खेलों के प्रोत्साहन को लेकर लगातार काम कर रही है।वही परसा विधायक डॉ करिश्मा राय ने कहा आज कल समय बदल गया है,बेटियां भी आज हर क्षेत्र मे पुरूषों के बराबर खड़ी है।जिस तरह आज इस कुश्ती प्रतियोगिता में बेटों के जवाब में बेटियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर जीत हासिल की है तारीफ के काबिल है।प्रतियोगिता के मुख्य आकर्षण उत्तरप्रदेश के कोच एवं पहलवान थें।जबकि बनारस व गाजीपुर की महिला पहलवानों ने भी पदक जीता। कुश्ती प्रतियोगिता के आयोजक नंदन यादव ने सफल आयोजन के लिये सभी अतिथियों,प्रदेश भर से आये हुए कुश्ती के पहलवानों, कोच व प्रभारियों सहित स्थानीय नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। पूर्व मंत्री व सभी विधायकों का अंगवस्त्र व फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान लोक कवि सत्येंद्र दूरदर्शी ने अपने लोक गीत व हास्य व्यंग्य कविता के माध्यम से लोगों को खूब हास्या तो वही नन्हे तबला वादक ने खूब अपना वाद कला प्रस्तुत किया।वही महिला कलाकारों की टीम मनीषा व अनिशा सहित अन्य कलाकारों ने झिझिया नृत्य व कई सांस्कृतिक प्रस्तुति कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।इस दौरान बिपिन यादव, मुखिया प्रतिनिधि अमित साह,कृष्णा साह,मुन्ना साह,संजय कुमार राय,अवधेश राय,विक्की यादव,सरपंच संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय कुमार गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बिहार पुलिस फिजिकल टेस्ट में आकांक्षी कुमारी को मिली सफलता, जन्मदिन पर दोगुनी खुशी

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)।** सारण जिले की बेटी आकांक्षी कुमारी ने बिहार पुलिस फिजिकल टेस्ट में 96 अंक हासिल कर अपने गांव ककरहट के साथ-साथ गढ़देवी फिजिकल अकादमी का नाम रोशन किया है। आकांक्षी की इस शानदार उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है। खास बात यह रही कि जिस दिन आकांक्षी का फिजिकल टेस्ट हुआ, वही दिन उनका जन्मदिन भी था, और उसी दिन परिणाम घोषित होने से यह खुशी दोगुनी हो गई। परिवार, गांव और अकादमी में जश्न का माहौल है। आकांक्षी कुमारी, पिता विकाश सिंह की पुत्री हैं। उनकी इस सफलता में गढ़देवी फिजिकल अकादमी के कोच कुंदन सिंह का मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत अहम मानी जा रही है। कोच कुंदन सिंह ने बताया कि आकांक्षी शुरू से ही अनुशासित, मेहनती और लक्ष्य के प्रति समर्पित रही हैं। आकांक्षी की इस उपलब्धि पर गांव के लोगों, शुभचिंतकों और अकादमी से जुड़े खिलाड़ियों ने उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं समाजसेवी त्रिलोकी साह कहना है कि आकांक्षी आज सारण की बेटियों के लिए प्रेरणा बन गई हैं।

## वीरचक्र से सम्मानित शहीद मो. इम्तियाज की 20 जनवरी को समारोह पूर्वक मनेगी जयंती

**दैनिक खोज खबर/गड़खा (सारण)।** वुधवार को ÷वीर चक्र से सम्मानित÷ वीर शहीद मो. इम्तियाज की 20 जनवरी 2026 को आयोजित जयंती समारोह को सफल बनाने को लेकर स्थानीय ग्रामीणों की एक बैठक जन्मस्थली नारायणपुर में संपन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता कैप्टन जगदीश प्रसाद राय ने किया. बैठक में पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम वीर चक्र से सम्मानित मोहम्मद इम्तियाज की जयंती समारोह 20 जनवरी 2026 को है. कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने को लेकर स्थानीय ग्रामीणों की भूमिका व जिम्मेवारियों को जमीनी स्तर क्रियान्वयन व तैयारी को लेकर एक टीम का गठन किया गया.बैठक में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस नेता राहुल कुमार यादव, मुखिया प्रतिनिधि गुलामे गौश, सरपंच प्रतिनिधि जीतू प्रसाद, शिक्षक मुन्नालाल राय, पशुपति प्रसाद यादव, पूर्व सरपंच भागेश्वर राय, शिक्षक मैनुद्दीन अंसारी, शिक्षक शब्बीर खान, मुंशीर रियाज, ओमप्रकाश मांझी, शहाबुद्दीन मंसुरी, सुरेंद्र राय, कुणाल यादव, मनोज सिंह, मनीष राम, गौतम राम, वीपिन कु0 राय, राकेश तिवारी, राजीव कुमार, रमेश यादव, मेघा राय, उपेंद्र राय, अनिल राय, सोनू यादव, शहीद पुत्र इमदाद रजा, बड़ा बाबू, पप्पू सहित, दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे.

## अगलगी से दो बच्चे झुलसे

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज (सारण)।** अवतार नगर थाना क्षेत्र के मौजमपुर गांव में अगलगी से दो बच्चे झुलस गए हैं। जिनका इलाज पटना पीएमसीएच में चल रहा है। घटना मंगलवार की रात की है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात्रि में सर्फुद्दीन मियां का परिवार खाना बनाने के बाद आग ताप कर सोने चला गया। जिसके बाद आग की चिंगारी से फुसनुमा घर में आग लग गया। जिससे घर में सोए मुस्तकीम मियां का 6 वर्षीय पुत्र इरफान मियां और 4 वर्षीय पुत्री रुकसाना गंभीर रूप से जल कर जख्मी हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों की सहायता से सदर अस्पताल छपरा भेजा गया। जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं अगलगी की इस घटना में घर में रखे सारे समान जल कर राख हो गये। वहीं इसके साथ दो बकरी भी जल कर जख्मी हो गयी है। वहीं आग की लपटे उठते देख स्थानीय लोग दौड़ कर मौके पर पहुंचे और अवतार नगर पुलिस को इसकी सूचना दी। जिससे आग पर काबू पाया गया।

## धनौरा में वॉलीबाल टूर्नामेंट मैच का आयोजन



**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज (सारण)।** अवतार नगर थाना अंतर्गत धनौरा गांव में बौलीवाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें जूनियर एवं सीनियर टीम के कुल आठ टीमों ने भाग लिया।धनौरा जूनियर एवं सीनियर टीम के साथ नरांव, सैदपुर दिघवारा, मठिया कमालपुर, फतेहपुर शामिल हुए। ग्रुप सी टीम में धनौरा ने मदनपुर को हराकर मेडल प्राप्त किया जिसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले सिध्दांस, आदित्य, रामप्रकाश को मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं बी ग्रुप टीम में नरांव ने धनौरा को हराकर मेडल प्राप्त किया। ए ग्रुप का फाइनल सैदपुर दिघवारा एवं फतेहपुर के बीच खेला गया जिसमें फतेहपुर की टीम बहुत ही संघर्षपूर्ण मैच में जीत अपने नाम दर्ज कर इनामी राशि एक हजार रुपए प्राप्त किया।पुरस्कार वितरण अवकाश प्राप्त सैनिक अखिलेश सिंह शिक्षक नेता राकेश कुमार सिंह एवं क्रिकेटर रामजी सिंह ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। टुर्नामेंट के सफल आयोजन में मंटु कुमार,दीपक कुमार, सुमीत कुमार, इमरान रणविजय कुमार सनी कुमार रितेश कुमार ने अहम भूमिका अदा किया।

## पुलिस अधीक्षक ( ग्रामीण) सारण द्वारा हरिहरनाथ थाना का किया वार्षिक निरीक्षण



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** पुलिस अधीक्षक ( ग्रामीण) सारण द्वारा बुधवार के शाम हरिहरनाथ थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीण एसपी ने थाना अभिलेखों, आगंतुक रजिस्टर, पुलिस गश्ती, थाना दैनिकी, हाजत, मलखाना, वायरलेस, लंबित कांडों के बारीकी से जांच की साथ ही एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया के बारिकी से जांच किया। इसके अलावे सरकारी वाहनों की स्थिति, साफ-सफाई एवं अनुशासन की समीक्षा की गई साथ ही निरीक्षण के दौरान थाना परिसरों में विधि-व्यवस्था, अपराध की रोकथाम एवं विधि व्यवस्था साधारण हेतु रात्रि गश्ती बढ़ाने,वाहन जांच में तेजी लाने और अभिलेख संधारण तथा संसाधनों के समुचित उपयोग पर विशेष ध्यान देते हुए संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ग्रामीण एसपी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुलिस और पब्लिक के बीच मधुर संबंध स्थापित रहे. कानून के उल्लंघन करने वाले के ऊपर करवाई करें। थाने में आए हर आगंतुकों के साथ मधुर संबंध स्थापित रखें और उनकी समस्या का समाधान करने की पहल करें इस कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## हर्ष उल्लास के साथ लोगों ने गंगा नदी में स्नान कर मनाया मकर संक्रांति का पर्व

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** विगत कई वर्षों से लगातार 2 दिन मकर संक्रांति पर्व होने के कारण नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में तिथि और नक्षत्र के मानने वाले लोग 15 जनवरी को मकर संक्रांति का पर्व मना रहे हैं तो वहीं कुछ लोग पुरानी परंपरा को मानते हुए 14 जनवरी के मकर संक्रांति का पर्व मनाया। मकर संक्रांति का त्यौहार छिटपुट नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में श्रद्धा और उल्लास के साथ बुधवार को मनाया गया।लोगों ने पहलेजा घाट गंगा नदी व नरायणी नदी सोनपुर सहित अन्य स्थान के नदियों व घरो में स्नान कर बाबा हरिहरनाथ सहित अन्य मंदिरों घरो में पूजा अर्चना कर भगवान भास्कर को तिल एवं अक्षत अर्पण कर उनका भोग लगाया। साथ ही घर पर भी अपने देवी देवताओं को तिल और अक्षत का भोग लगाया। उसके उपरांत गरीबो व भीखमंगे को दान दक्षिणा देकर पुण्य प्राप्त किया फिर दही,चिउरा, तिलकुट, लाई व विभिन्न प्रकार बने सब्जियाँ के साथ स्वादिस्ट भोजन को ब्रह्मणों को खिलाकर दान दक्षिणा देकर फिर घर के सदस्यों के साथ मिलकर स्वयं लोग खाये और दही चुरा के भौज का लोगो को निमंत्रण दिया जहाँ लोग अपने दोस्तों व सगे संबंधित के यहां पहुँच कर दही चिउरा तिलकुट व स्वादिस्ट भोजन को ग्रहण कर मकर संक्रांति का त्योहार श्रद्धा के साथ मनाया। नदियों में स्नान के लिए लोग तड़के ही गंगा व नारायणी नदी तट पर जुट गए थे। ऐसी मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन गंगा में स्नान करने और गंगा तट पर तिल का दान, गरीबो के दान व ब्रह्मणो के दक्षिणा करने से सारे पाप कट जाते हैं और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इसी के साथ हिन्दू धर्मावलंबियों के शादी विवाह शुभ कार्य का शुरूआत 15 तारीख के बाद सभी शुभ कार्य शुरू हो जाएंगे। हरिहरनाथ मंदिर के मुख्य अर्चक आचार्य सुशील चंद्र शास्त्री, पवन शास्त्री, बमबम बाबा ने बताया कि इस तिथि पर दान करने से पुण्य का लाभ प्राप्त होता है। इसी दिन सूर्य धनु राशि से मकर राशि में जाते हैं और दक्षिणायन से उत्तरायण हो जाते हैं। सूर्य के उत्तरायण होते ही लगन का शुभ मुहूर्त भी आरम्भ हो जाता है।

## सोनपुर में ट्रक पर लदे भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद, दो कारोबारी गिरफ्तार



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण के निर्देशन में सारण पुलिस द्वारा जिलान्तर्गत अवैध शराब का सेवन, निर्माण, बिक्री, भण्डारण, परिवहन, शराब तस्करों एवं शराब कारोबारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई हेतु विशेष अभियान ÷नशा मुक्त सारण÷ चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोनपुर थानाध्यक्ष राजनंदन के नेतृत्व में पुलिस ने छापामारी कर एक ट्रक पर लदा भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब को जप्त करते हुए दो कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। इस बात की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजनंदन ने बुधवार के शाम बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि मुजफ्फरपुर की ओर से एक ट्रक पर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जा रही है. जहां पुलिस ने सोनपुर थाना क्षेत्र के बाकरपुर कुशवाहा चौक के पास नाकाबंदी कर भारी मात्रा में शराब लदा 01 दस चक्का ट्रक को पकड़ लिया । उक्त ट्रक में रखे कुल 606 कार्टून में रखें कुल-5432.925 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गयी तथा मौके पर 02 शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि जप्त किए गए में अंग्रेजी शराब-5432.925 ली., ट्रक-01, मोबाईल-02, फास्टैग 01 बरामद किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम किशना राम, पिता-भुरा राम, साकिन-करना भूथा, थाना-सिनछड़ी, जिला-बालोतरा, राजस्थान, दूसरा बांका राम, पिता-जेठा राम, साकिन रावतसर, थाना-बाड़मेर, जिला-बाड़मेर, राजस्थान है। गिरफ्तार कारोबारी से पुछताछ चल रही है तथा बैकवर्ड फॉरवर्ड लिंकेज की जांच की जा रही है साथ ही उनके नेटवर्क से जुड़े अन्य सहयोगियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए सारण पुलिस द्वारा अभियान जारी है। अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

## राजपूताना क्रिकेट क्लब सेमरी ने कप पर जमाया कब्जा



**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** प्रखंड के गम्हरियां गांव स्थित खेल मैदान में खेले गए टी-20 के फाइनल मैच में राजपूताना क्रिकेट क्लब सेमरी ने स्टूडेंट क्रिकेट क्लब गम्हरियां को 7 विकेट से हराकर कप पर कब्जा जमा लिया। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि धनंजय कुमार साह ने टॉस उछालकर मैच की शुरुआत की। वहीं टॉस जीतकर सेमरी की टीम ने फील्डिंग करने का फैसला लिया। जबकि गम्हरियां की टीम ने बैटिंग करते हुए मात्र 8 ओवर में ही ऑल आउट हो गई और प्रतिद्वंद्वी टीम को 124 रनों का लक्ष्य दिया। वहीं जवाबी पारी खेलते हुए सेमरी की टीम ने 3 विकेट खोकर लक्ष्य पार कर लिया और कप पर कब्जा जमा लिया। मैन ऑफ द मैच का कि खिताब विजेता टीम के विकास सिंह को दिया गया। वहीं विजेता टीम के ही कप्तान सोनू कुमार सिंह को मैन ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। श्री राम हार्डवेयर के संचालक अर्जुन सिंह, टूर्नामेंट के आयोजक संतोष सिंह,स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि धनंजय कुमार साह ने विजेता टीम के कप्तान सोनू सिंह को कप प्रदान किया। वहीं अन्य खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत कर उनका हौसला अफजाई किया गया। अंपायरिंग अजय कुमार तथा नंदन ठाकुर ने किया। वही कमेंटेटर अंजनी श्रीवास्तव और अमरजीत कुमार गुप्ता थे। स्कोरर प्रभात कुमार और आशीष कुमार थे। गम्हरियां खेल महोत्सव के संयोजक दिल्ली हाई कोर्ट के अधिवक्ता विवेक राज सिंह थे।



## बसतपुर गांव में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन

**दैनिक खोज खबर/पानापुर(सारण)।** बसहिया पंचायत के पूर्व मुखिया अनिल कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह के बसतपुर स्थित आवास पर बुधवार को अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल मस्तीचक की तरफ ने निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर में सैंकड़ो लोगों के आंखो की मशीन द्वारा जांच की गयी एवं उन्हें जरूरी दवा एवं चश्मा निशुल्क दिया गया. हॉस्पिटल के कोआर्डिनेटर बबलू कुमार सिंह ने बताया कि हमारे संस्थान में 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का निशुल्क इलाज किया जाता है. शिविर में आये रोगियों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन निशुल्क किया जायेगा. वही आयुष्मान कार्डधारको का सिर्फ साढ़े सात हजार में लेंस लगाया जाता है. पूर्व मुखिया अनिल कुमार सिंह ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार के शिविर के आयोजन से गरीबों को इलाज कराने में सहूलियत होंगी.इस मौके पर सुनील कुमार सिंह, भाजपा जिला सारण पश्चिमी के कोषाध्यक्ष कृष्ण प्रताप सिंह, डॉ राधेश्याम सिंह, राकेश रंजन कुमार सिंह,जुगुल सिंह, हरेंद्र प्रसाद सिंह, डा. राजकिशोर सिंह सहित अन्य उपस्थित थे.

## कब्रिस्तान शीघ्र घेराबंदी का विधायक ने दिया निर्देश

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** बुधवार को मांझी के मरहा पहुंचे विधायक रणधीर सिंह ने स्थानीय कब्रिस्तान में शरारती तत्वों द्वारा आग लगाए जाने की निंदा की तथा जल्द ही कब्रिस्तान की घेराबंदी कराने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया। बताते चलें कि एक दिन पहले शरारती तत्वों ने कब्रिस्तान में आग लगा दी थी तथा आपत्तिजनक बाते लिखकर साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने का प्रयास किया था। हालांकि प्रशासन की सतर्कता से मामले का पटाक्षेप हो गया था।मौके पर मौजूद सीओ सौरभ अभिषेक को विधायक ने कब्रिस्तान की भूमि की शीघ्र मापी कराकर जिला को उसकी रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया ताकि कब्रिस्तान की घेराबंदी की प्रक्रिया शुरू की जा सके। उधर दाउदपुर के अरियांव टोले में पहुंचे विधायक ने पिछले दिनों एकमा में हुई सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजन दिलीप राम तथा श्याम नारायण राम से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया तथा आर्थिक सहायता भी की। विधायक के साथ जिप सदस्य रघुवंश सिंह उर्फ फूल सिंह,मुखिया मनीष सिंह एवम मुन्ना साह,पूर्व मुखिया विजय सिंह,राजदेव यादव, हीरालाल यादव एवम जदयू नेता निरन्जन सिंह सहित कई अन्य लोग भी मौजूद थे।

## बेंगलुरु में गैस से झुलसे पांच मजदूरों में से एक युवक की मौत

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी थाना क्षेत्र के गुर्दाहां खुर्द गांव के बेंगलुरु में गैस से झुलसे पांच मजदूरों में से एक युवक की मौत बुधवार की देर शाम हो गयी। मृतक गुर्दाहां खुर्द गांव निवासी मोगल मियां का पुत्र मुज्जफर अली बताया जाता है। मृतक पिछले छह दिनों तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करते हुए बेंगलुरु के विक्टोरिया हॉस्पिटल बेंगलुरु मेडिकल कालेज एंड रिसर्च में बुधवार को दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद गांव में कोहराम मच गया तथा चारो तरफ चीख पुकार मच गयी। आग से झुलसे शेष चार मजदूर अभी भी जिंदगी और मौत से जूझ रहे है। घटना की सूचना मिलते ही गांव में अफरातफरी का माहौल उतपन्न हो गया है। मालूम हो कि 9 जनवरी की सुबह गैस रिसाव से पांच युवक बुरी तरह झुलस गए थे। झुलसे शेष चार मजदूरों का अभी भी इलाज चल रहा है।

## उच्च माध्यमिक विद्यालय में ताला काट कम्प्यूटर समेत अन्य सामान चोरी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के गंडामण गांव अवस्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में अज्ञात चोरों के द्वारा विद्यालय के कमरें का ताला काट चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। मामले में थाना पुलिस को सूचना दी गई। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजकिशोर साह ने बताया कि विद्यालय में कमरे का ताला काट चोरी कर ली गई है जिसकी जानकारी रात्री प्रहरी धर्मेंद्र कुमार ने दी। रात्री प्रहरी ने बताया कि उसकी पत्नी की तबीयत खराब हो गई थी जिसमें उसकी मां घर बुलाकर ले गयी। चोरी गयी सामानों में प्रिंटर 2, सीपीयू 2, मोनिटर 10 , बैट्री 3 चोरी कर ली गई है। पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

## फॉर्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने को ले अंचल में सीओ और बीडीओ ने की बैठक

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक अंचल परिसर में सीओ सुमंत कुमार और बीडीओ पंकज कुमार के नेतृत्व में फॉर्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने की सफलता को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भीएलई और सीएससी संचालक मौजूद रहे। सीओ के द्वारा सभी को निर्देश दिया गया कि अपने अपने क्षेत्र में सभी जमाबंदी रैयत का शत प्रतिशत फॉर्मर आईडी यथाशीघ्र बनाने का कार्य किया जाए। बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि सभी एक साथ अपने इलाक़े में जिनके नाम से जमाबंदी हैं उनसे सम्पर्क करें और वैसे सभी लोगों का फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाएं। इसके लिए सभी जमाबंदी वालों लोगों की सूची आपकों उपलब्ध कराई जा रही है। मौके पर प्रिंस बाबा, सतीश बाबा, विकास सिंह, सुजीत कुमार, राजेश कुमार आदि अन्य मौजूद रहें।

## मशरक में बाइक की टक्कर और मारपीट में चार घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के अलग-अलग गांवों में सड़क दुघर्टना और मारपीट की घटनाओं में चार लोग घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराए गए। मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के स्टेशन में अनियंत्रित तेज रफ्तार बाइक सवार ने पैदल जा रहें गलिमापुर गांव निवासी सवलिया सिंह को टक्कर मार दी जिसमें वे घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। अरना बाड़ोपुर गांव में बच्चों के विवाद में मारपीट में कुंदन कुमार, हरीचरण राय और मुन्नी देवी घायल हो गए। इलाज के लिए सीएचसी मशरक में लाया गया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ अमन राजीव ने प्राथमिक उपचार किया।

## चार वर्षो से फरार चल रहे अभियुक्त ने न्यायलय में किया आत्मसमर्पण

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी थाना क्षेत्र के ड्यूमाईगढ़ गांव निवासी तथा पुलिस पर हमला व शराब सहित कई मामले मे लगभग चार वर्षो से फरार चल रहे अभियुक्त प्रेम यादव ने बुधवार को छपरा न्यायलय मे आत्म समर्पण किया है। पूछे जाने पर थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी देव आशीष हँस ने बताया की अभियुक्त पर लगभग डेढ़ दर्जन मामले जैसे शराब तस्करी, आर्म्स एक्ट व पुलिस पर हमला सहित अन्य मामला दर्ज है। जिसके घर पर बीते शनिवार को डुंग डूगी बजाकर इस्तेहार चस्पा किया गया था। जबकि एक अन्य अभियुक्त गोलू यादव अभी भीं फरार चल रहा है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। अगर गिरफ्तारी नहीं होती है तो गोलू यादव पिता कृष्णा यादव के घर जल्द ही कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

# सोनपुर एएनएम ट्रेनिंग सेंटर में कुव्यवस्था के खिलाफ प्रशिक्षु एएनएम ने किया विरोध प्रदर्शन

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर(सारण)।** एएनएम ट्रेनिंग सेंटर सोनपुर में गुणवक्ता पूर्ण खानपान नहीं मिलने, रहन-सहन के कुव्यवस्था की शिकायत को लेकर ट्रेनी दर्जनों एएनएम प्रशिक्षुओ ने अनुमंडल अस्पताल सोनपुर पहुंचकर कर विरोध प्रदर्शन जमकर किया। एएनएम स्कूल के प्रचार्य व अन्य शिक्षक के व्यवहार से नराज होकर जब व्यवस्था में सुधार नहीं होने और प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों के साथ अभद्र भाषा के प्रयोग करने के आरोप लगाते हुए अपनी नाराजगी प्रकट की। सभी एएनएम ने वरिय अधिकारियो से माँग किया कि एएनएम प्रचार्य के स्थानांतरण हों व एएनएम ट्रेनिंग सेंटर के विधि व्यवस्था व गुणवक्ता पूर्ण भोजन उपलब्ध हों । सभी विरोध प्रदर्शन करते हुए अनुमंडलीय अस्पताल से निकलकर सोनपुर के अनुमंडल



कार्यालय में पहुंचकर इन सारी समस्याओं को लेकर सोनपुर एसडीओ के पास अपनी समस्याओं को निदान करने की मांग की। सभी प्रशिक्षु एएनएम ने प्राचार्य द्वारा परीक्षा में अंक कम देने, एडमिशन में ज्यादा पैसा लेने जैसे अनेक गंभीर आरोप लगाए हैं। इस संबंध में जब प्राचार्य से पूछा गया तो उन्होंने बताई की मेरे ऊपर जो भी आरोप लगाया गया सभी निराधार है. प्रचार्य ने कहीं की मैं मेनू के अनुसार व गुणवक्ता भोजन के संचालन से जुड़ी अस्थाई व्यवस्था के लेकर जांच पड़ताल की जाएगी उसके बाद जो भी दोषी होगा उस पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के अनुसार से जनकारी मिली कि इस घटना की जानकारी जिला स्वास्थ्य विभाग को दे दी गई है. विभाग द्वारा मेस की गुणवत्ता, स्वच्छता व लगाएं गए आरोप के लेकर जांच की जायेगी। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु के स्वास्थ्य और सुविधाओं से किसी तरह की समझौता नहीं किया जाएगा। बता दे एएनएम ट्रेनिंग सेंटर में विगत कई वर्षों से जीविका दीदियो के द्वारा भोजन उपलब्ध कराया जाता है लेकिन इसके पिछले वर्ष भी गुणवत्तापूर्ण भोजन नहीं मिलने के कारण एवं खाने में कीड़े मकोड़े मिलने के लेकर प्रशिक्षु एएनएम ने दो बार विरोध प्रदर्शन की थी। अगर इस तरह की कुव्यवस्था एएनएम ट्रेनिंग सेंटर सोनपुर में हो रही है तो ऐसे में वरीय अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण करने की जरूरत है।

**मैं जिंदा हूं साहब :**

## सरकारी रिकॉर्ड में जिंदा आदमी मृत घोषित, पेंशन के लिए दर-दर भटकने को मजबूर

**देवेन्द्र कुमार सिंह।**

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** सरकारी सिस्टम की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है, जहाँ एक जीवित पेंशनधारी को आधिकारिक रिकॉर्ड में मृत घोषित कर दिया गया है. इस गंभीर चूक के कारण, पीड़ित को पिछले महीने से पेंशन का भुगतान नहीं मिला है. पीड़ित व्यक्ति अब सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने को मजबूर है ताकि यह साबित कर सके कि वह अभी भी जीवित है.

यह मामला एकमा प्रखंड अंतर्गत रसूलपुर पंचायत के धानाडीह गांव का है. पीड़ित शिव जतन यादव पिता स्व सुखलाल यादव उम्र 84 वर्ष, जो कि एक वृद्धावस्था पेंशनधारी हैं को हाल हीं में पता चला कि उनका नाम पेंशन लाभार्थियों की सूची से हटा दिया गया है. जब उन्होंने संबंधित बैंक से संपर्क किया, तो उन्हें बताया गया कि सरकारी दस्तावेज़ों में उन्हें मृत दिखाया गया है तो उनके होश उड़ गए.

पीड़ित शिव जतन यादव ने बताया, मुझे अचानक पेंशन मिलना बंद हो गया. जब बैंक गया, तो उन्होंने कहा कि सिस्टम में मेरा नाम कट गया है क्योंकि मैं मर चुका हूँ. शिव जतन यादव ने आगे कहा, मैं ज़िंदा हूँ, आपके सामने खड़ा हूँ, फिर भी दस्तावेज मुझे मरा हुआ बता रहे हैं. यह कैसी व्यवस्था है? इस स्थिति ने पीड़ित के सामने आर्थिक संकट खड़ा कर दिया है, क्योंकि पेंशन हीं उनकी आय का मुख्य स्रोत थी.यह घटना सरकारी विभागों के बीच खराब समन्वय और डेटा एंट्री में लापरवाही की ओर इशारा करती है. यह सवाल उठाती है कि सिस्टम की एक गलती किसी नागरिक के जीवन में इतनी बड़ी परेशानी कैसे खड़ी कर सकती है. स्थानीय लोगों ने प्रशासन से ऐसी चूकों को रोकने के लिए सिस्टम को दुरुस्त करने की मांग की है ताकि भविष्य में किसी अन्य व्यक्ति को इस तरह की मानसिक और आर्थिक प्रताड़ना से न गुजरना पड़े. इस मामले पर जब एकमा के बीडीओ अरूण कुमार से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि पीड़ित द्वारा जीवन सत्यापन नहीं कराए जाने पर इस तरह के कई मामले मिले हैं, यह प्रखंड नहीं पोर्टल का मामला है. उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की जाँच की जा रही है और जल्द ही पीड़ित का नाम सही करके पेंशन बहाल की जाएगी. हालांकि, पीड़ित को फिलहाल यह साबित करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है कि वह जीवित है, जिसके लिए उन्हें आधार कार्ड, जीवन प्रमाण पत्र और अन्य दस्तावेज़ जमा करने पड़ रहे हैं.

## शिवम अपहरण व हत्या कांड में जन आक्रोश से उपजा जन आंदोलन चढ़ा उपद्रवियों की भेंट

**अब प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई से लोगों में भय व्याप्त**

**दैनिक खोज खबर/अमनौर (सारण)।** अमनौर के चर्चित शिवम हत्या कांड समय के साथ नये सुर्खियों को अपने में जोड़ रहा है. हत्याकांड में एक पखवाड़ा पूर्व अपहरण के दिन से ही पुलिस ने मामले को लेकर आश्वासन देते आ रही है कि अपराधियों को शीघ्र पकड़ लिया जाएगा. लेकिन घटना को बीते एक पखवाड़ा हो गया अबतक मामले में पुलिस के हाथ अपराधियों तक नहीं पहुंच पाया है. वहीं बीते तीन दिन पहले शिवम का शव बगल के गांव के झाड़ी में बरामद किया गया था. शव को देखकर प्रत्यक्षदर्शियों के द्वारा बताया गया कि शव देख लग रहा था कि शिवम की अपहरण के बाद कई दिनों तक छुपा कर रखा हो और हाल ही में उसकी हत्या कर के फेंका गया जैसा प्रतीत हो रहा था. जिसको लेकर लोगों में उपजे आक्रोश को पुलिस उग्र प्रदर्शन के पूर्व समझ नहीं पाई और पोस्टमार्टम के बाद लोगों का आक्रोश इस कदर बढ़ा कि मंगलवार को बड़ी संख्या में लोग इकठ्ठा हो कर भेल्दी एन एच 722 मुख्य चौराहा पर शव रखकर जाम कर दिया. पुलिस से अनियंत्रित होती भीड़ उपद्रवी तत्वों के उसकावे पर पुलिस के साथ दुर्व्यवहार के साथ पुलिस वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया. जिसके बाद न्याय के लिए हो रहे जन आंदोलन को दबाने के लिए नया हथियार मिल गया और मौके पर पहुंचे वरीय पुलिस पदाधिकारियों ने जमा भीड़ को शीघ्र मामले का उद्भेदन और कठोर कार्रवाई का भरोसा देकर जाम हटवा दिया. लेकिन शाम ढलते ही पुलिस ने आंदोलनकारियों को चिन्हित कर अलग मामला दर्ज कर रात में जन सुराज के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सहित आधा दर्जन लोगो को उठा लिया. परिजन सुबह में पुलिस थाने में जानकारी लेने पहुंचे तो पुलिस इस संबंध में कुछ भी बताने से इंकार कर रही थी. लेकिन बुधवार दोपहर को जिला पुलिस मुख्यालय से प्रेस रिलीज जारी कर आधा दर्जन गिरफ्तारी की जानकारी दी गई. जिसके बाद से घटना क्षेत्र के आसपास के लोगों में अब पुलिसिया कार्रवाई को देख कर भय व्याप्त है.

**उद्भेदन में देरी से उपजा था जनाक्रोश** -मामले के एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी पुलिस इस घटना का उद्भेदन नहीं कर पा रही है. जबकि थानाध्यक्ष से लेकर ग्रामीण एसपी संजय कुमार सिंह द्वारा इस मामले में जल्द उद्भेदन कर दोषियों को गिरफ्तार करने की बात कही जा रही है, परन्तु अबतक केवल कोड़ा आश्वासन ही साबित हो रहा है. देखना है आखिर कब तक पुलिस शिवम के हत्यारों को गिरफ्त में कब ले रही है. हालांकि पुलिस की माने तो इस मामले में एसआईटी टीम गठित कर पुलिस सभी एंगल से इसकी जांच कर रही है. फॉरेंसिक टीम से लेकर डॉग स्क्वाड की मदद ली जा रही है. किसी कीमत पर अपराधी बक्शे नहीं जायेगे.

## विद्यालय से स्थानांतरित शिक्षकों को दी गई भावभीनी विदाई

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय चैनपुर में स्थानांतरित शिक्षक विष्णु शर्मा और एवं शिक्षिका अर्चना कुमारी के सम्मान में मंगलवार को भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का संचालन विष्णु प्रभाकर और नितेश कुमार ने किया। जिसमें उच्च माध्यमिक विद्यालय चैनपुर के छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय परिवार के अलावा अन्य विद्यालय से आए शिक्षकों ने उनलोगों की योगदान और उनके द्वारा किए अभिन्न कार्यों की सराहना करते हुए भावभीनी विदाई दी। बीपीएससी के माध्यम से चयनित शिक्षक विष्णु शर्मा (अंग्रेजी विषय), अर्चना कुमारी ने (सामाजिक विज्ञान) क्लास 9वीं और 10 वीं के शिक्षक के रूप में विद्यालय में दो सालों तक अपनी सेवाएं दी। विदाई समारोह में शिक्षक शिव कुमार राम, विष्णु प्रभाकर, गौरव तिवारी, नितेश कुमार, दिनेश शर्मा, राजेश सिंह, सचिन कुमार, सुधीर कुमार, सोनू कुमार, शत्रुध्न महतो, मो. अज़ीमुल्ला, मो. निजामुद्दीन, संतोष यादव, प्रियंका भारती, प्रियंका कुमारी, वीरेश कुमार, संजय कुमार, गुड़िया कुमार समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## अवैध नर्सिंग होम में नवजात शिशु की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**दैनिक खोज खबर/सारण (तरैया)।** थाना क्षेत्र के शाहनेवाजपुर-पचभिण्डा गांव में स्थित एक अवैध निजी नर्सिंग होम में इलाज के दौरान एक नवजात शिशु की मौत हो गई। जिसको लेकर बुधवार को नवजात के परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने चिकित्सक पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। बताया जाता हैं कि परिजन नवजात को इलाज के लिए उक्त क्लिनिक में भर्ती कराया था जहां सुधार के बदले उसकी स्थिति और बिगड़ने लगी और उसकी मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों ने क्लिनिक परिसर में जमकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। सूचना मिलते ही तरैया थाने कि पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया और क्लिनिक के एक कर्मचारी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार सारण डीएम और सिविल सर्जन द्वारा अवैध नर्सिंग होम के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में गठित टीम द्वारा इस कथित डॉक्टर के अवैध नर्सिंग होम को प्रशासन ने 27 दिसंबर को ही सील कर दिया था। इसके बावजूद डॉक्टर ने पचभिंडा क्षेत्र में एक नए स्थान पर अवैध रूप से क्लिनिक खोलकर अपना काम जारी रखा। मृतक नवजात के चाचा इसुआपुर थाना क्षेत्र के केरवा गांव के निवासी पप्पू कुमार यादव ने बताया कि बच्चे को इसी क्लिनिक में भर्ती कराया गया था। जब बच्चे की हालत बिगड़ने पर उसे छपरा रेफर किया गया, तो डॉक्टर ने आधिकारिक लेटर पैड पर बच्चे की मेडिकल हिस्ट्री देने से इनकार कर दिया। घटना के बाद, फर्जी नर्सिंग होम संचालकों का एक गिरोह सक्रिय हो गया है। आरोप है कि यह गिरोह मृतक के परिजनों पर दबाव बनाकर मामले को पैसे के दम पर रफा-दफा करने की कोशिश कर रहा है। नवजात शिशु के शव को लेकर भी सौदेबाजी किए जाने की बात सामने आ रही है, ताकि कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके। फिलहाल पुलिस सभी मामलों पर गहनता पूर्वक जांच कर रही हैं।

## शिवम हत्याकांड –सड़क जाम व पुलिस वाहन पर पथराव मामले में 41 नामजद, छह गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** शिवम त्याकांड के विरोध में मंगलवार को छपरा- मुजफ्फरपुर एनएच-722 पर भेल्दी चौक के समीप हुए सड़क जाम, पुलिस वाहन पर पथराव और पुलिस से झड़प के मामले में पुलिस ने कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। भेल्दी थाना में इस घटना को लेकर एक प्राथमिकी दर्ज करायी गई है जिसमें

41 लोगों को नामजद अभियुक्त व 400 अज्ञात लोगों के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, सड़क जाम के दौरान प्रदर्शनकारियों ने कानून-व्यवस्था भंग की, पुलिस के साथ धक्का-मुक्की और हाथापाई की तथा पुलिस की तीन गाड़ियों में तोड़फोड़ कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। इसी को लेकर भेल्दी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।प्राथमिकी दर्ज होने के बाद मंगलवार की देर रात पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाते हुए भेल्दी पंचायत के मुखिया व अमनौर विधान सभा क्षेत्र के जनसूराज के पूर्व प्रत्याशी राहुल कुमार सिंह को उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावे पटराही कला गांव के जियान उर्फ गुड्डू कुमार, उमरपुर गांव के रोहित कुमार गुप्ता, अपहर के मुन्ना राम, अर्जुन राम, भेल्दी चौमास के प्रिंस कुशवाहा उर्फ विनोद को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जाम और उपद्रव के दौरान बनाए गए वीडियो फुटेज और फोटो के आधार पर अन्य आरोपितों की पहचान की जा रही है और लगातार छापेमारी जारी है।

उल्लेखनीय है कि शिवम हत्याकांड के विरोध में मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्वजन भेल्दी चौक पर जुट गए थे और शव रखकर एनएच-722 को जाम कर दिया था। देखते ही देखते प्रदर्शन उग्र हो गया, जिससे पुलिस को स्थिति नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त बल तैनात करना पड़ा। वरीय अधिकारियों की मौजूदगी में घंटों बाद जाम समाप्त कराया गया था।मुखिया की गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। कुछ लोगों ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए नाराजगी जाहिर की है। वहीं पुलिस प्रशासन का कहना है कि जाम, उपद्रव और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद अन्य नामजद अभियुक्त भागे फिर रहे हैं।

## सीवान : ठंड के कारण ट्रेनों की रफ्तार थमी, आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें घंटों देरी से जंक्शन पहुंची

**परवेज अख्तर /सीवान।** ठंड की वजह से ट्रेनों की रफ्तार धीमी हो गई है। इस कारण ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच रही हैं। ट्रेनों की देरी से चलने के कारण यात्रा शुरू करने और समाप्त करने वाले यात्रियों को जंक्शन पर ठंड में घंटों ठिठुरना पड़ रहा है। बुधवार को आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां घंटों विलंब से जंक्शन पहुंची। वहीं जंक्शन होकर गुजरने वाली करीब सात ट्रेनें निरस्त रही। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को 02569 दरभंगा-नई दिल्ली क्लोन हमसफर स्पेशल तीन घंटे 50 मिनट, 14674 शहीद एक्सप्रेस पांच घंटे 40, 12407 न्यू जलपाईगुड़ी-अमृतसर कर्मभूमि सुपरफास्ट एक्सप्रेस (अनारक्षित) एक घंटे बीस मिनट, 02563 बरौनी-नई दिल्ली क्लोन हमसफर स्पेशल दो घंटे 40 मिनट, 15098 जम्मूतवी-भागलपुर अमरनाथ एक्सप्रेस दो घंटे 56 मिनट, 13019 बाघ एक्सप्रेस एक घंटे, 55038 थावे-सिवान एक घंटे, 02564 नई दिल्ली-बरौनी क्लोन हमसफर स्पेशल एक घंटे बीस मिनट, 02570 नई दिल्ली-दरभंगा क्लोन हमसफर स्पेशल तीन घंटे 40 मिनट, 02564 नई दिल्ली-बरौनी क्लोन हमसफर स्पेशल एक घंटे दस मिनट, 14006 लिच्छवी एक्सप्रेस एक घंटे दस मिनट, 02563 बरौनी-नई दिल्ली क्लोन हमसफर स्पेशल एक घंटे 52 मिनट के लेट से सिवान जंक्शन पहुंची। इसके अलावा अन्य ट्रेनें भी विलंब से चलीं। जिसे यात्रियों को काफी परेशानी का सामान करना पड़ा।

## बाइक के लिए ससुराल वालों ने की नवविवाहिता की हत्या

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।**थाना क्षेत्र के बगडीहा गांव में दहेज के लिए एक नवविवाहिता की जहर देकर हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया है।मृत नवविवाहिता मोगल नट की 20 वर्षीया पत्नी किरण देवी बतायी जाती है। इस मामले में मृतका के पिता अमनौर थाना क्षेत्र के सलखुआ गांव निवासी जीतेंद्र नट ने स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है जिसमें मृतका के पति मोगल नट, सास ढूनमुन देवी, ससुर योगिन्द्र नट, ननद गौरी कुमारी एवं भैसूर लालू नट को आरोपित किया है। दर्ज प्राथमिकी में उसने कहा है कि डेढ़ साल पहले मैंने अपनी पुत्री का विवाह किया था। शादी के कुछ दिनों बाद से ही दहेज में बाइक की मांग को लेकर मेरी पुत्री के साथ मारपीट किया जा रहा था।आख़िरकार ससुराल वालों ने जहर देकर उसे मार डाला।घटना के बाद स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची एवं शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौप दिया।

## शराब के साथ दो गिरफ्तार

**सिवान।** महादेवा थाना क्षेत्र के मालवीय चौक से पुलिस ने शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार देवरिया के खुखुंदू थाना क्षेत्र के मिर्जापुर निवासी पवन गुप्ता और अंबिका गोंड है। पुलिस को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति एक बाइक से जा रहे हैं जिनके पास शराब है। जहां जांच के दौरान उनके पास से शराब बरामद किया गया। जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## हथियार के बल पर मोबाइल, पर्स और नकदी सहित टोटो लेकर फरार हुए बदमाश

**सिवान।** नौतन थाना क्षेत्र में टोटो चालक से हथियार के बल पर लूट की घटना को बदमाशों ने अंजाम दिया है। पीड़ित मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कदम मोड़ निवासी एकबाल हुसैन का पुत्र मेराज ने बताया कि प्रतिदिन की तरह टोटो लेकर वह सदर अस्पताल के बाहर सवारी की प्रतीक्षा कर रहा था। देर रात करीब 10 बजे दो युवकों ने मरीज लाने के नाम पर उसे नौतन थाना क्षेत्र के हसुआ गांव तक जाने के लिए बुक किया। मेराज उनके साथ मरीज लाने के लिए निकल गया। जैसे ही वह रात करीब साढ़े 11 बजे हसुआ बगीचा के समीप पहुंचा, तो वहां पहले से बाइक सवार तीन युवक और मौजूद थे। बताया कि पांचों युवकों ने उसको घेर लिया और चाकू तथा हथियार के बल पर उससे मोबाइल, पर्स और नकदी छीन ली। विरोध करने पर बदमाशों ने उसे टोटो से धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद टोटो लेकर फरार हो गए।

## शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायज़ा

**परवेज अख्तर/सीवान।** पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा के निर्देश पर पुलिस ने मंगलवार की देर रात शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया। अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जनमानस में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस टीमें गली-मोहल्लों, बाजारों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर सक्रिय दिखाई दी। बबुनिया मोड़, तरवारा मोड़, जेपी चौक सहित सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस टीमें रात में सड़कों पर उतरीं और पैदल गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की। पुलिस ने देर रात घूमने वालों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए और सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने का भरोसा दिलाया।

## सीवान - रेलवे ट्रैक की रात्रिकालीन पेट्रोलिंग के लिए उपलब्ध कराया गया जीपीएस ट्रैकर

**परवेज अख्तर/सीवान।** रेलवे प्रशासन द्वारा सर्दी के मौसम में सुरक्षित एवं संरक्षित ट्रेन संचालन हेतु सभी सावधानियां बरती जा रही हैं। इस दौरान रेलवे ट्रैक की रात्रिकालीन पेट्रोलिंग नियमित रूप से की जा रही है तथा उसकीनिगरानी के लिए रेलकर्मियों को ग्लोबल पोजीशनिंग सिस्टम (जीपीएस) ट्रैकर उपलब्ध कराया गया हैं। इस संबंध में वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि पेट्रोल मैन जीपीएस से लैस होकर पेट्रोलिंग का कार्य संपादित कर रहे है, जिससे संरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हुई है तथा पेट्रोलिंग के दौरान ट्रैक में हुई कमियों की जानकारी देना आसान हो गया है। पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा 2686 जीपीएस ट्रैकर उपलब्ध कराए गये हैं, जिसमें वाराणसी मंडल पर 1216 जीपीएस ट्रैकर उपलब्ध हैं। बताया कि इस उपकरण में तीन शार्टकट बटन हैं, जिसमें समय की जानकारी के साथ संबंधित सुपरवाइजर को काल कर त्वरित सूचना देने में सुविधा होती है। इस आनलाइन मानिटरिंग से पेट्रोलमैन के रियल टाइम लोकेशन तथा पेट्रोलिंग गति इत्यादि की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## आपसी विवाद में हुई मारपीट में युवक घायल, रेफर

**सिवान।** दरौली थाना क्षेत्र के डुमरहर में बुधवार की सुबह आपसी विवाद के बाद हुई मारपीट में युवक घायल हो गया। स्वजनों व स्थानीय लोगों की मदद से घायल का इलाज सीएचसी में कराया गया। घायल युवक की पहचान डुमरहर निवासी बलिराम पाल (30) के रूप में हुई है। स्वजनों का कहना है कि गाड़ी धुलने के दौरान पड़ोसियों से कहासुनी हो गई। बात इतनी बिगड़ी कि गाली गलौज शुरू हो गई और देखते ही देखते दोनों परिवारों में मारपीट हो गई। इसमें बलराम पाल घायल हो गए। स्वजन उन्हें इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन स्वजन घायल को गोरखपुर लेकर चले गए।

## 69 लीटर शराब बरामद होने के मामले में दो तस्कर के विरुद्ध प्राथमिकी

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** स्थानीय पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 13 जनवरी की रात 69 लीटर शराब बरामद किया था। हालांकि मौके का फायदा उठाते हुए तस्कर मखिया टोला के समीप धमई नदी के पास शराब छोड़कर फरार हो गए थे। वहीं शराब बरामद होने के मामले में पुलिस ने दो तस्करों के विरुद्ध प्राथमिकी कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। आरोपित तस्कर जगदीशपुर निवासी चंदन यादव एवं आलोक यादव बताए जाते हैं।

## मारपीट मामले में दोनों पक्षों ने कराई प्राथमिकी

**महाराजगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के जिगरहवां गांव में 11 जनवरी को किसी बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस संबंध में दोनों पक्ष ने थाना में आवेदन देकर एक- दूसरे खिलाफ प्राथमिकी कराई है। एक पक्ष से जिगरहवां के पूर्व मुखिया परमात्मा प्रसाद ने आवेदन देकर गांव के ही पुष्कर पांडेय एवं अभिराज मांझी को नामजद किया है। पूर्व मुखिया ने अपने दिए आवेदन में पुष्कर पांडेय पर 10 लाख रुपये रंगदारी मांगने तथा नहीं देने पर हत्या की धमकी, जबरन जेब से 7200 रुपये छीनने और बाइक छीनने का आरोप लगाया है। वहीं दूसरे पक्ष से अभिराज मांझी ने आवेदन देकर पूर्व मुखिया परमात्मा प्रसाद पर गाली गलौज करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में अपर थानाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्ष के आवेदन पर प्राथमिकी कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## मैरवा - लिच्छवी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत, स्वजनों में कोहराम

**परवेज अख्तर/सीवान।** पूर्वोत्तर रेलवे के भटनी-सिवान रेलखंड के मैरवा रेलवे स्टेशन के समीप बुधवार की दोपहर लिच्छवी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान गुठनी थाना क्षेत्र के बरपलिया निवासी प्रह्लाद राम (50) के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के स्वजन भी मैरवा रेलवे स्टेशन पहुंच गए। वहीं आरपीएफ व जीआरपी की टीम ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि अप लिच्छवी एक्सप्रेस 35 मिनट विलंब से मैरवा स्टेशन पर पहुंची थी। इस दौरान पूर्वी सिग्नल के पास अचानक ट्रेन के आगे अधेड़ पटरी की तरफ दौड़ गया। जिससे उसे एक बड़ा झटका लगा और वह गिर गया। गंभीर चोट आने से उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। हालांकि उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। किसी ने मृतक की पहचान की तो उसके स्वजनों को सूचित किया गया। जानकारी होते ही मृतक के स्वजन भी पहुंच गए। स्वजनों में कोहराम मच गया। पूरी घटना को अधेड़ के द्वारा आत्महत्या के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि इस संदर्भ में उसके स्वजन कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं थे।

# सीवान : कार से शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सीवान।** उत्पाद विभाग की टीम ने बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर नौतन थाना क्षेत्र के शाहपुर वार्ड नंबर चार के पास से एक कार से शराब बरामद कर तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि दो शराब तस्कर मौका पाकर फरार होने में सफल रहे। मामले में उत्पाद अधीक्षक शशांक वर्मा ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के शाहपुर वार्ड नंबर चार होते एक कार से भारी मात्रा में शराब की खेप लाई जा रही है। सूचना पर उत्पाद सदर थाना के थानाध्यक्ष सह निरीक्षक रूपेश कुमार के नेतृत्व में सिवान व गोपालगंज की संयुक्त टीम द्वारा जांच शुरू की गई। जांच के दौरान एक कार को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक कार लेकर भागने लगा। जिसे जवानों की मदद से पकड़ लिया गया। तलाशी के क्रम में कार से 839.400 लीटर शराब बरामद किया गया। इस दौरान तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्कर मैरवा थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 13 निवासी शिवम कुमार यादव, नौतन थाना क्षेत्र के पचलख्खी निवासी नंद किशोर यादव व कबीरपुर निवासी मनीष तिवारी हैं। हालांकि दो शराब तस्कर फरार होने में सफल रहे। फरार दरौली थाना क्षेत्र के सरहरवा निवासी दीपक पटेल उर्फ पप्पू व नौतन थाना क्षेत्र के कोईरीगांवा निवासी शाशी कुमार सिंह है।

## गैस सिलेंडर में रिसाव से घर में लगी आग से लाखों की संपत्ति जलकर राख

**बड़हरिया (सिवान)।** प्रखंड के लकड़ी दरगाह में बुधवार की दोपहर गैस सिलेंडर में रिसाव के कारण अचानक घर में लगी आग से लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई। अगलगी की घटना में करीब ढाई लाख की मशीन सहित कपड़ा व अन्य सामान जलकर स्वाहा हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर लकड़ी दरगाह निवासी विजय शर्मा गैस सिलेंडर में आई खराबी को ठीक कर रहे थे। वहीं जांच के क्रम में रिसाव के कारण अचानक आग लग गई। देखते हीं देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और घर में रखे कपड़ा सहित डेढ़ लाख की मशीन व अन्य सामान को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि दिन होने के कारण इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। वहीं स्थानीय लोगों की काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने थाना को दी।

## खड़े ट्रक में स्कार्पियो ने पीछे से मारी टक्कर, चार घायल

**सिवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव के समीप मंगलवार की देर रात खड़े ट्रक में तेज रफ्तार स्कार्पियो ने पीछे से धक्का मार दिया। इससे स्कार्पियो में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज आवाज सुनकर पहुंचे स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को स्कार्पियो से बाहर निकाला गया। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखकर बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। घायलों की पहचान बड़हरिया थाना क्षेत्र के माधोपुर निवासी मोहित कुमार, मुन्ना साह, आदित्य कुमार व मुन्नी देवी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। इस हादसे में एक दस वर्षीय आदित्य की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। उसके सिर व शरीर में गहरी चोटें आई है। बताया जाता है कि मुन्ना साह अपने स्वजनों के साथ यूपी के किसी तीर्थ स्थान पर गए हुए थे। जहां से वे लोग मंगलवार की देर रात्रि लौट रहे थे। अभी वे लोग मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव के समीप हीं पहुंचे थे, तबतक सड़क किनारे खड़े ट्रक में तेज रफ्तार स्कार्पियो ने धक्का मार दिया। इससे स्कार्पियो में सवार सभी लोग घायल हो गए।

## सीवान : 65 वारंट एवं एक कुर्की का किया गया निष्पादन

**परवेज अख्तर/सीवान।** पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा के आदेश पर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 24 घंटे के विशेष अभियान के दौरान 26 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। मामले में एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 24 घंटे में जिलांतर्गत विशेष अभियान के दौरान 26 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। बताया कि बदमाशों की गिरफ्तारी, शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण, परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने एवं देसी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु बुधवार को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 26 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान वारंट के कांड में दस, शराब के कांड में नौ, आर्म्स एक्ट के कांड में एक, हत्या के प्रयास कांड में तीन व विविध के कांड में तीन गिरफ्तारी की गई। वहीं 80 लीटर देशी शराब व 379.440 लीटर विदेशी शराब जब्त किया गया। जबकि 65 वारंट व एक कुर्की का निष्पादन किया गया। जबकि जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से यातायात के उल्लंघन करने वाले वाहनों से एक लाख 15 हजार पांच सौ रुपया जुर्माना की राशि वसूल की गई।

## आवेदन देने के दस दिन बाद भी नहीं हुई प्राथमिकी

**सिवान।** एमएच नगर थाना क्षेत्र के बड़का टरीला गांव में बीते पांच जनवरी की रात्रि कुछ लोगों ने टुनटुन कुमार यादव सहित उनके परिवार के अन्य लोगों के साथ मारपीट कर घायल कर दिया था। इसके बाद घर में रखे ज्वेलरी की भी लूटपाट कर ली थी। इस मामले में बाबूराम यादव की पत्नी बच्ची देवी ने स्थानीय थाना में आधा दर्जन लोगों को नामजद करते हुए प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया है। इस घटना के दस दिन बीतने को है। लेकिन स्थानीय थाना की पुलिस ना तो प्राथमिकी हीं कर रही है और ना ही आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी हीं कर रही है। जिस कारण पीड़ित परिवार दहशत में है। दिए गए आवेदन में पीड़िता ने बताया है कि पांच जनवरी को गांव के ही कुछ लोग चोरी करने की नीयत से मेरे आंगन में घुसे थे। मैं और मेरी पुत्री ने उनलोगों को देख लिया। इसके बाद हम लोगों ने हल्ला हंगामा किया। तभी अन्य लोग भी आ पहुंचे और लाठी डंडे से मारना पीटना शुरू कर दिया। भयभीत होकर हमलोग अपनी जान बचाने के लिए घर छोड़ बाहर निकल गए। इसके बाद घर में रखे 70 हजार रुपए नगद, सोने का पेंडल, पायल सहित अन्य ज्वेलरी की लूटपाट कर ली।

## सीवान : दो दर्जन से अधिक मामलों का आन द स्पॉट किया गया निष्पादन

**परवेज अख्तर/सीवान।** पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा द्वारा समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में बुधवार को जनता दरबार लगाया गया। एसपी ने उपस्थित लोगों की फरियादें सुनीं। जनता दरबार में सर्वाधिक मारपीट, धोखाधड़ी सहित फर्जी मुकदमे में फंसाने आदि के कई मामले आए थे। इनमें दो दर्जन से ज्यादा मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया। एसपी ने इन मामलों में लापरवाही बरतने वाले कई थानेदारों को फोन कर त्वरित कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। जनता दरबार में भूमि संबंधित मुकदमे के मामले की गुहार लगाने वालों की संख्या सबसे अधिक रही। उन्होंने एक-एक कर जनता दरबार में आए कुल 25 फरियादियों की फरियाद सुनी। एसपी ने जनता के आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए कई थानाध्यक्षों को इन मामले के निष्पादन में कोताही न बरतने का निर्देश दिया। एसपी ने बताया कि नियमित रूप से संचालित जनसुनवाई में आम जनता की समस्याओं से अवगत होकर आवश्यक क्रियार्थ हेतु संबंधित थानाध्यक्ष को आदेशित किया गया।

## विज्ञान प्रदर्शनी के सफल बच्चे किए गए सम्मानित

**रघुनाथपुर (सिवान)।** राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद (एनसीएसटीसी), विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली व जन कल्याण सेवा समिति, लखनऊ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित तीन दिवसीय लोगों के बीच विज्ञान की समझ को बढ़ावा देने विषयक संबंधित कार्यक्रम का सफल समापन हो गया। इस दौरान बच्चों द्वारा विज्ञान विषय से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई थी। इसमें से बेहतर प्रदर्शनी का चयन करते हुए बच्चों के बीच पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम रायल विद्या सदन रघुनाथपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर परवेज आलम ने किया। उन्होंने बताया कि 12, 13 एवं 14 जनवरी को आयोजित इस कार्यक्रम में कक्षा छह से 10 तक के 160 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसमें ड्राइंग, निबंध, क्विज, वाद-विवाद एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही ट्रेनिंग आफ टीचर्स कार्यक्रम में सभी शिक्षकों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में आयुष कुमार (ड्राइंग), सत्यम कुमार दुबे (निबंध), अंगद (क्विज), सिमरन (वाद-विवाद) तथा शिक्षक वर्ग में राजेश कुमार प्रसाद प्रथम रहे। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक जैनेंद्र कुमार पांडेय एवं निदेशक गजेंद्र कुमार पांडेय ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु उपयोगी बताया।

